तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 14 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 शराब के नशे में शिविर पहुंचे पंचायत सचिव पर गिरी गाज...

12 शहर के सुलभ शौचालयों का हाल बेहाल, कहीं दरवाजे...


### खबर संक्षेप

#### पीएटी की प्रवेश परीक्षा 15 मई को

**धमतरी।** व्यापंम व्दारा गुरूवार 15 मई गुरूवार को पी.ए.टी. की प्रवेश परीक्षा एक पॉली में प्रातः 9:30 से 12:15 बजे तक आयोजित की गई है। परीक्षा के लिए 5 केन्द्र बनाए गए हैं। बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 480 परीक्षार्थी, एन.आर.एम. शासकीय कन्या महाविद्यालय में 360 एवं शिवसिंह वर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में 95, डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय बालक उ.मा.वि. में 360 एवं नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम उ.मा.विद्यालय धमतरी में 139 परीक्षार्थी जिले में कुल 1424 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

■ शहर में 5 केन्द्र बनाए गए, कुल 1424 परीक्षार्थी शामिल होंगे

#### कन्या महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा 15 से

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित, जीई एवं स्वाध्यायी बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों के प्राणीशास्त्र विषय की प्रायोगिक परीक्षा 15 मई को दोपहर 1.30 बजे, 16 मई को प्रातः 8 बजे भौतिकशास्त्र, 11 बजे एस.ई.सी. बेसिक इलेक्ट्रिकल स्कील, 8.30 बजे वनस्पतिशास्त्र एवं प्रातः 9 बजे बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर एसईसी प्रत्येक के लिये लेखांकन विषय की प्रायोगिक परीक्षा होगी। सभी परीक्षार्थी को अपने प्रेक्टिकल रिकार्ड के साथ नियत तिथि तथा समय पर महाविद्यालय में उपस्थित होने कहा गया है।

जिनकी जमीन नहीं, वे भी बने पार्टी, रिश्तेदार व पड़ोसियों के नाम पर किया गया है बटांकन

# भारतमाला परियोजना : मिलीभगत से करोड़ों की हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतमाला सड़क में जमीन का मुआवजा देने में करोड़ों रुपए की हेराफेरी की गई है। जिन लोगों की जमीन सड़क की जद में नहीं आई है, उन्हें भी मुआवजा दे दिया गया है। यही नहीं दस्तावेजों में हेराफेरी कर कई लोगों को अवैध तरीके से लाभ दिया गया है। सिवनीकला के ग्रामीण सबूत के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे और इसकी शिकायत करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को बड़ी संख्या में कुरूद विकासखंड के ग्राम सिवनीकला के ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर से शिकायत करते हुए उन्होंने बताया कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना भारतमाला के तहत रायपुर से विशाखापट्टनम तक सुविधायुक्त सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यह सड़क कुरूद क्षेत्र होकर गुजरी है, जिसमें सिवनीकला भी आता है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के लिए वर्ष 2019 में जमीन का अधिग्रहण किया गया। जमीन मालिकों को मुआवजा दिया गया। मुआवजा देने में जमकर हेराफेरी की गई। उन्होंने बताया कि प्रति एकड़ 18 लाख रुपए का

## बटांकन दिखाकर वर्ग फीट के हिसाब से लिया गया खेतों का मुआवजा




भारत माला का तिलस्म... हरिभूमि को मिले दस्तावेजों में मुआवजे पर बड़ा खुलासा
खसरा अलग, रकबे में अंतर, फिर भी 102 लोगों को एक जैसा मुआवजा

मुआवजा दिया। जमीन के छोटे टुकड़ों के लिए वर्गफीट के हिसाब से मुआवजा का आकलन किया। इस नियम का फायदा उठाकर जमीन मालिकों ने अपनी जमीन को कई टुकड़ों में बांट दिया। प्रति एकड़ उन्हें 18 लाख रुपए मुआवजा मिलना था। बटांकन के बाद उन्हें एक करोड़ से ज्यादा मुआवजा दिया गया है। इस हेराफेरी में न सिर्फ किसान शामिल है, बल्कि जमीन के दलाल से लेकर अधिकारी कर्मचारी भी शामिल हैं। उन्होंने इस हेराफेरी के दस्तावेज सहित लिखित शिकायत करते हुए इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस हेराफेरी में शामिल सभी लोगों के नाम दस्तावेज में उल्लेखित हैं।

शिकायत करने वालों में प्रमोद कुमार चंद्राकर, कुलेश्वर साहू, संजु कुमार तारक, तीजूराम धृतलहरे, अमित कुमार, दुली चंद्राकर, भारत लाल पटेल, निरंजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### शासन को लगाया चूना

ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें जो जानकारी मिली है, उसमें 90 लोगों ने जमीन का बटांकन कर शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाया है। जमीन अधिग्रहण के लिए नोटिफिकेशन 1 जनवरी 2019 को हुआ था। इसके बाद अप्रैल 2019 से लेकर मई 2019 तक जमीन का बटांकन किया गया। एकड़ के हिसाब से मुआवजा लेने की बजाय जमीन को छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित कर दिया गया। बटांकन एक परिवार के लोगों के बीच होना था लेकिन कई लोगों ने जमीन का बटांकन रिश्तेदार और पड़ोसियों के नाम पर कर दिया। जिनके नाम पर जमीन नहीं है और न ही किसी ऋण पुस्तिका में उनका नाम है, ऐसे लोगों को बटांकन कर जमीन का मालिक बनाया गया। मुआवजा मिलने के बाद राशि की बंदरबाट भी कर ली गई।

### सरपंच पति, उपसरपंच, ग्राम पटेल सब शामिल

ग्रामीणों ने बताया कि जहां से सड़क निकली है, वहां पर उपसरपंच के नाम पर जमीन नहीं है, लेकिन उसे भी बटांकन में हेराफेरी कर लाभ दिया गया है। सरपंच पति, पूर्व जनपद सदस्य, ग्राम पटेल की जमीन को कई टुकड़ों में बांटा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि किसी जमीन का 8 तो किसी का 15 हिस्सा किया गया। इस धांधली में कई रसूखदार भी शामिल हैं। पहले सड़क गणेश, कार्तिक, बैसाख और संतराम की जमीन से निकल रही थी। रसूखदारों ने दिल्ली से सर्वे टीम बुलाकर इसकी दिशा में परिवर्तन कराया। अब सड़क समीर और टेकेश्वर की जमीन से निकली है। विडंबना यह है कि गणेश, कार्तिक, बैसाख, संतराम सहित अन्य लोगों को भी मुआवजा मिल गया है जिनकी जमीन ही सड़क की जद में नहीं आई है।

प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थल में धरना प्रदर्शन पर ग्रामीणों को कोई आपत्ति नहीं

## जोगीडीह में धरना-प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम जोगीडीह में धरना- प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग ग्रामवासियों ने कलेक्टर से की है। गंगरेल डुबान प्रभावित जोगीडीहवासी ग्राम पटेल मोहनलाल, शिवराम नेताम, विक्रमसिंह, पतिराम, कमलेश, शिवचरण, इंदलराम, मानसिंह नेताम, बीरबल उइके ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम जोगीडीह में निवासरत गंगरेल डूब प्रभावित कई वर्षों से शांतिपूर्वक जीवन यापन कर रहे हैं।

जब से जोगीडीह को राजस्व ग्राम घोषित किया गया है तब से डुबान संघर्ष समिति लोगों को शांतिपूर्वक जीवन जीने नहीं दे रही है। 13 मई को उक्त समिति जोगीडीह में धरना प्रदर्शन का ऐलान कर गांव में अशांति पैदा कर रही है। धरना-प्रदर्शन के लिए गांधी मैदान, कलेक्टर कार्यालय के समक्ष जगह निर्धारित है। समिति द्वारा जान बूझकर गांव में अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही है। इससे गांव में तनाव की स्थिति बन रही है। प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थल में धरना प्रदर्शन पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन गांव में धरना-प्रदर्शन की ग्रामीणों को घोर आपत्ति है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा कि गांव में किए जा रहे धरना प्रदर्शन को तत्काल बंद कराया जाए। धरना प्रदर्शन बंद नहीं होने की स्थिति में किसी प्रकार की अनहोनी होने पर सारी जवाबदारी डुबान संघर्ष समिति तथा जिला प्रशासन की होगी।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



## खबर संक्षेप

### 10वीं में टेकेन्द्र ने 97.17 प्रतिशत अंक हासिल किया



**जीजामगांव।** प्रयास बालक आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 10 वीं के छात्र टेकेन्द्र साहू पिता प्रकाश साहू माता जानकी साहू जीजामगांव निवासी ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वे विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। टेकेन्द्र शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। वह आगे जीव विज्ञान की पढ़ाई कर चिकित्सा के क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहता है। छात्र की इस उपलब्धि पर प्राचार्य सहित विद्यालय परिवार और परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जोरातराई अ स्कूल का परीक्षा परिणाम संतोषजनक





**अंवरी।** शाउमावि जोरातराई अ में कक्षा 10वीं में परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। 39 छात्र में से 33 छात्र उत्तीर्ण हुए। शाला का परिणाम 84 प्रतिशत रहा। 12वीं में अध्ययनरत 44 छात्र में 41 छात्र उत्तीर्ण हुए। शाला का परिणाम 93 प्रतिशत रहा। 10वीं में प्रेरणा बांधे 92.5 प्रतिशत प्रथम तथा सुमन 86 प्रतिशत द्वितीय रही। 12वीं में तेजस्वी 82 प्रतिशत के साथ प्रथम, नीरज कुमार 81 प्रतिशत द्वितीय रही। प्राचार्य रेणुका बारले, सरपंच पूर्णिमा साहू, उपसरपंच ईश्वर निषाद, एसएमडीसी अध्यक्ष प्रकाश तारक, सदस्य भीमेंद्र कुर्रे, संतराम साहू, गोपाल राजपूत, धनसिंग साहू, रामस्वरूप साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं वरिष्ठ शिक्षक मौजूद थे।

### समाधान शिविर आज से

**पुरूर(धमतरी)।** क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में 14 से 31 मई तक समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। विभागीय अधिकारियों द्वारा जनता से प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को दी जायेगी। 14 मई को ग्राम कनेरी में, 16 को पेंडरवानी में, 19 को कोचवाही, 28 को बोरिदकला एवं 31 मई को ग्राम धनोरा में समाधान शिविर लगेगा। ग्रामवार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कनेरी के लिए ललित चंद्राकर विकासखंड शिक्षाधिकारी, पेंडरवानी के लिए सीएल ठाकुर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, कोचवाही के लिए शिवेन्द्र सिन्हा नायब तहसीलदार गुरूर, बोरिदकला के लिए चंद्रकांत चंद्राकर सहायक विस्तार अधिकारी व धनोरा के लिए नोडल अधिकारी चंद्रभान सिंह निर्मलकर बीआरसी गुरूर को बनाया गया है। शिविर के प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम पंचायतों में मुनादी कराने का निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर ने पंचायत सचिवों को दिया है।

## निधन

### मधुरानी ढांढ



**धमतरी।** लेडीज क्लब की संरक्षिका श्रीमती मधुरानी ढांढ का आकस्मिक निधन 12 मई को हो गया है। आज 14 मई को शाम 5 बजे साहेब रेस्टोरेंट में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है। उनके निधन पर क्लब की सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि श्रीमती ढांढ ने 40 वर्षों से जुड़कर लेडीज क्लब को नई दिशा दी।

### पं. मनोहर शर्मा



**धमतरी।** मां विंध्यवासिनी मंदिर के पुजारी पंडित मनोहर शर्मा का आकस्मिक निधन 9 मई की रात्रि में हो गया। वे लम्बे समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार 10 मई को सुबह 10 बजे ग्राम दर्री के मुक्तिधाम किया गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में ग्राम दर्री के ग्रामवासी समेत ब्राम्हण समाज, विंध्यवासिनी मंदिर पुजारी समिति के सदस्यगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष ने जताया था आक्रोश

# शराब के नशे में शिविर पहुंचे पंचायत सचिव पर गिरी गाज, निलंबन की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

■ सरपंच ने मंच से ही किया था खुलासा

ग्राम गट्टासिल्ली में 12 मई को सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित जनसमस्या समाधान शिविर में उस समय शर्मनाक स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जब ग्राम पंचायत आमदी का सचिव शराब के नशे में शिविर में पाया गया। यही नहीं उसी पंचायत की आदिवासी महिला सरपंच ने मंच से ही सार्वजनिक रूप से उक्त सचिव की शिकायत करते हुए बताया कि वह बार-बार शराब पीकर पंचायत कार्यालय आता है, जिससे पंचायत के कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है।

यह पूरा घटनाक्रम जनप्रतिनिधियों और उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में कांकेर सांसद भोजराज नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति अजय ध्रुव, जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू सहित नगरी अनुविभाग के एसडीएम, तहसीलदार और सीईओ जनपद पंचायत नगरी उपस्थित थे। घटना से आक्रोशित सांसद श्री नाग और जिला पंचायत श्री सार्वा ने मौके पर ही एसडीएम से तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।



शराब पीकर शिविर स्थल पर पहुंचे सचिव पर आक्रोशित होते सांसद और जिला पंचायत अध्यक्ष।

इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने एसडीएम नगरी प्रीती दुर्गम से दूरभाष पर चर्चा की, तो उन्होंने बताया कि शिविर में सचिव की उपस्थिति जिस स्थिति में थी, वह अत्यंत निंदनीय है। जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई आपत्ति के आधार पर जनपद पंचायत नगरी के सीईओ द्वारा उक्त सचिव के निलंबन की अनुशंसा जिला पंचायत सीईओ से की गई है। संबंधित विभाग द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। यह घटना न केवल पंचायत व्यवस्था की गंभीरता पर सवाल उठाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि अब जनप्रतिनिधि और आमजन बेझिझक होकर भ्रष्ट और गैर-जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवाज उठा रहे हैं।

## पीएमश्री स्कूल में लॉटरी से हुआ बच्चों का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पीएम श्री स्कूल नगरी में लॉटरी से बच्चों का चयन हुआ। कक्षा पहली से 6वीं अंग्रेजी माध्यम की रिक्त 19 सीटों के लिए 73 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 19 बच्चों का चयन लॉटरी पद्धति से किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, एसएमडीसी अध्यक्ष कमल डागा, विधायक प्रतिनिधि भानेन्द्र ठाकुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर साहू, प्राचार्य एसके प्रजापति एवं पालकोंकी उपस्थिति में लाटरी निकाली गई।

इस पूरी प्रकिया में प्रवेश प्रभारी एएल साव, श्रीमती सुमन गुप्ता एवं शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा ।

## तिलक लगाकर 12वीं के उत्कृष्ट छात्रों एवं उनकी माताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पीएम श्री शासकीय श्रृंगीऋषि उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल नगरी की कक्षा 12वीं के छात्र नीरज साहू पिता वासुदेव साहू ग्राम छिपली ने कक्षा 12वीं में 76.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में तृतीय एवं गगन साहू पिता राजीव साहू ग्राम छिपली ने पीएम श्री शासकीय श्रृंगीऋषि उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल नगरी से कक्षा 10वीं में 90.6 अंकों के साथ अपने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



इस सफलता पर मातृ दिवस पर छात्रों की माताओं को तिलक वंदन और मिठाई खिलाकर सम्मान किया। वहीं भाजपा नगरी मंडल उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद साहू, ग्राम पटेल मनहरण लाल साहू, पूर्व जिला संगठन सचिव साहू समाज अरविंद कुमार सार्वा, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष महेश्वर साहू, पूर्व बूथ अध्यक्ष जीवनलाल सार्वा, राजीव साहू ने छात्रों के निवास स्थान उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानित किया।

## जैविक खेती को बढ़ावा देने 13 से निकलेगी गौ ग्राम जनजागरण यात्रा

■ गौ आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी

**पुरूर(धमतरी)।** छत्तीसगढ़ में जैविक खेती को बढ़ावा देने और गौ आधारित कृषि को पुनः स्थापित करने के उद्देश्य से श्री कृष्ण गोपाल गौशाला चूल्हापथरा द्वारा गौ ग्राम जन जागरण यात्रा 13 से 19 मई तक गुरूर ब्लाक के विभिन्न ग्रामों में निकाली जायेगी। इस दौरान गौ आधारित प्रदर्शनी लगाई जायेगी। 13 मई को यात्र सुबह 10 बजे से शत्रा शुरू होगी। ग्राम सोनईडोंगरी, कन्हारपुरी, कोलिहामार, बोरतरा, भूलनडबरी, कोचेरा, धनेली होते हुए जागरण यात्रा बोड़रा साप्ताहिक बाजार में महाआरती के साथ सम्पन्न होगी। 14 मई को यात्रा बोहारडीह, कुलिया, नवागांव, भेजा मैदानी, कनेरी, कुम्हारखान, पुरूर, आनंदपुर होते हुए पुरूर साप्ताहिक बाजार में महाआरती होगी। 15 मई को करियाटोला, हितेकसा, घानापुरी, मोखा, दरगहन, दानीटोला होते हुए गुरूर साप्ताहिक बाजार में महाआरती होगी। 16 मई को खर्रा, फागुनदाह, पेरपार, पेंडरवानी, कंवर में महाआरती होगी। 17 मई को ठेकवाडीह, दुपचेरा, दियाबाती, दर्रा, नरबदा, सरबदा, अकलवारा, खोरदो, परसुली, खुदनी में महाआरती, 18 मई को गंगोरीपार, बासीन, भोथली, जेवरतला, मोहारा, पड़कीभाट, खेरथा, पिकरीपार, अरमरीकला साप्ताहिक बाजार में महाआरती होगी।

## भखारा के वार्ड क्र. पांच में हुआ गायत्री महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा विश्व कल्याण के लिए बुद्ध पूर्णिमा पर गृहे- गृहे यज्ञ कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत पूर्व पार्षद भारती साहू ने वार्ड क्रमांक 5 नगर पंचायत भखारा में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया। कार्यक्रम में यज्ञकर्ता भुनेश्वर साहू, अनिल कुमार साहू, रेणुका साहू, कोमेश साहू, भाविका साहू, अभिषेक साहू, युवराज साहू, दुर्गा साहू, गीता साहू, फनीता साहू, निर्मला साहू मौजूद थे।

## संयुक्त शिक्षक संघ ने किया छात्र समीर का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद विकासखण्ड के ग्राम चरमुड़िया के प्रतिभावान छात्र समीर साहू पिता भुवनलाल साहू ने सीजी बोर्ड कक्षा 10 वीं में 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ मेरिट सूची में नवम् स्थान बनाकर पूरे विकासखंड क्षेत्र एवं जिले को गौरवान्वित किया। संयुक्त शिक्षक संघ ब्लाक कुरूद के एक प्रतिनिधिमंडल ने ब्लाक अध्यक्ष हुमन चंद्राकर के नेतृत्व में उनके निज निवास पहुंचकर छात्र का सम्मान किया।



संघ अध्यक्ष ने कहा कि ब्लाक कुरूद के प्राथमिक माध्यमिक हाईस्कूल हायर सेकंडरी के शिक्षक पूरी मेहनत एवं लगन से कार्य कर रहे हैं। बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हो इसके लिए आने वाले समय में पूरी ऊर्जा के साथ मेहनत की जाएगी। शाउमावि चरमुड़िया के वरिष्ठ व्याख्याता नीरज शुक्ला ने कहा कि हर जगह शासकीय स्कूल के छात्र सफल होकर अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। इस अवसर पर सलाहकार पारस कुमार यादव, उपाध्यक्ष हरीश निर्मलकर, संजय कुमार साहू, लेखराम साहू, टोवेंद्र बैस उपस्थित थे।

## थूहा स्कूल में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थूहा में ग्रीष्मकालीन निःशुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 13 मई से 12 जून तक किया गया है। 14, 17 एवं 19 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे भाग ले रहे हैं। थूहा स्कूल में फुटबॉल, योगासन एवं कराते का विशेष शिविर लगा। पंजीकृत खिलाड़ियों को विभाग से प्रशस्ति पत्र दिया जावेगा। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य कुमार सेन, शंकरलाल साहू (व्याख्याता), शाला विकास समिति अध्यक्ष टेमन बंजारे, मुख्य अतिथि सरपंच लोमेश्वर ध्रुव, विशिष्ट अतिथि नरोत्तम साहू, तोरण साहू ने किया। अतिथियों ने खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताया। मौके पर रेणुका, भूमिका, रितिका, कुणाल, धनेश्वर पतेला, नूतेश साहू समेत व्यायाम शिक्षक घनश्याम ध्रुव मौजूद रहे।




## बोईरगांव के खराब सोलर पावर प्लांट को तुरंत सुधारा गया

■ आकाशीय बिजली से हुआ था खराब, कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं, शिकायतों और मांग पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। ऐसी ही एक शिकायत जिले के वनांचल क्षेत्र नगरी के बोईरगांव के ग्रामीणों ने की। ग्रामीणों ने बताया कि आंधी-तूफान में आकाशीय बिजली गिरने के कारण 4 किलोवॉट क्षमता की 10 नग बैटरियां विस्फोट हो गईं, जिसके कारण संयंत्र खराब हो गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सोलर सौर संयंत्र के क्षतिग्रस्त होने की वजह से बिजली पूरी तरह से अवरूद्ध हो गई और उन्हें अंधेरा का सामना करना पड़ रहा है।





इसकी सूचना मिलते ही कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर क्रेडा विभाग का मैदानी अमला सोलर सौर संयंत्र का सुधार करने बोईरगांव पहुंचा। सुधार करने मुस्तैदी से जुट गया और संयंत्र को पूरी तरह से क्रियाशील कर दिया। अब गांव में स्ट्रीट लाइट सहित गांव के घरों में प्रकाश की व्यवस्था हो गई तथा ग्रामीणों को शत-प्रतिशत विद्युत की आपूर्ति भी हो रही है।

## पूर्णिमा पर महानदी की हुई महाआरती



■ वर्ष भर में कुल सत्रह बार होती है आरती

■ महाआरती के माध्यम से चित्रोत्पला गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल रखने का हो रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

बैसाख पूर्णिमा पर सोमवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में महानदी की महाआरती हुआ। विदित हो कि संस्था के संस्थापक एवं संरक्षक महंत साध्वी प्रज्ञा भारती एवं वेदरतन सेवा प्रकल्प राजिम कुंभ के मार्गदर्शन में सप्त ऋषियों की तपोस्थली, चित्रोत्पला गंगा महानदी मैया के उद्गम एवं महर्षि बाल्मीकि आश्रम से प्रगटी बालका नदी के संगम पर प्रत्येक माह पूर्णिमा को विगत 13 वर्षों से महानदी की महाआरती की जाती है। इसी तारतम्य मे क्षेत्र की सुख शांति, आर्थिक संपन्नता, संस्कृति व प्रकृति संरक्षण के उद्देश्यों को लेकर बुद्ध पूर्णिमा पर महाआरती का आयोजन किया गया।

अंचल के प्रमुख अराध्य देवों के जयकारों के साथ महाआरती की गई। इस अवसर पर महानदी सेवा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन वैष्णव, पूर्व संयोजक पेमेन्द्र पटेल, संस्कृति प्रमुख पंकज साहू, पूर्व निधि प्रमुख देवब्रत गौतम, सचिव मुकेश यादव, आचार्य डोमार प्रसाद मिश्रा, उपाध्यक्ष लोकेश सोनी, मरकाम, मनीष साहू , भानुप्रताप साहू, सुर्यांशु ठाकुर, राकेश साहू, कुलेश्वर साहू, राकेश निर्मलकर, खुमान ध्रुव, बलराम कौशल, ललित साहू, नमन यादव, अक्षय व नगरी सिहावा अंचल के सैकड़ों भक्त महाआरती में सम्मिलित हुए।

विधायक अंबिका ने शिक्षा, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

# अधिवेशन में समाज के प्रतिभावानों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा मंडल देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन 11 मई को देवांगन समाज भवन बेलरगांव में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम रहीं। उन्होंने समाज की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शिक्षा, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता के लिए शासन स्तर पर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता




विजय देवांगन अध्यक्ष सिहावा मंडल देवांगन समाज ने की। विशिष्ट अतिथि गरिमा नेताम सदस्य जिपं धमतरी, नंदनी साहू सदस्य जनपद पंचायत नगरी, कैलाश प्रजापति अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव, रामगोपाल देवांगन संरक्षक धमतरी जिला देवांगन समाज, दउवालाल देवांगन पूर्व अध्यक्ष जिला देवांगन समाज, प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य सिहावा, रीता नेताम सरपंच बेलरगांव, कृष्ण कुमार देवांगन पूर्व उपाध्यक्ष जिला देवांगन समाज, डॉ. अमृत लाल देवांगन, संरक्षक सिहावा मंडल देवांगन समाज, रिखीराम देवांगन संरक्षक सिहावा मंडल देवांगन समाज, पुष्पा देवांगन संरक्षक, जिला देवांगन समाज, सीमा देवांगन अध्यक्ष सिहावा महिला मंडल, बलीराम देवांगन तथा जेठाराम देवांगन थे।

अधिवेशन में समाज के उन प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षा, व्यापार, सामाजिक सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। साथ ही समाज के आगामी लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिनमें युवाओं के लिए निः शुल्क कोचिंग, महिला स्वावलंबन कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन एवं समाज भवन विस्तार की योजनाएं शामिल हैं। अध्यक्ष विजय देवांगन ने आभार व्यक्त करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### विप्र विद्वत परिषद का सामूहिक उपनयन संस्कार 8 जन को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद द्वारा 8 जून को सामूहिक उपनयन संस्कार विद्वत आचार्य द्वारा सम्पूर्ण वैदिक रीति से किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर विप्र परिषद भवन में परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक शास्त्री के नेतृत्व बैठक हुई। मुख्य रूप से कई निर्णय लिए गए। उपनयन संस्कार हेतु सभी सामान निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। छग के सभी जिले के विप्रजन उपनयन संस्कार पंजीयन के लिए गणेश मंदिर मठ मंदिर चौक सदर बाजार रोड धमतरी में सम्पर्क करेंगे। पंजीयन के समय बटुक व पिता का नाम, गोत्र, निवास, मोबाइल नम्बर की जानकारी देनी होगी। बटुकों की बारात हेतु पीले रंग की कुर्ता धोती, मौर मुकुट, खड़ाऊ की व्यवस्था परिजनों को ही करनी होगी। उपनयन संस्कार का कार्यक्रम महिमा सागर वार्ड स्थित विप्र परिषद भवन धमतरी में होगा। बैठक में परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक शास्त्री, पंडित होमन प्रसाद शास्त्री, महेश शास्त्री, सूरज तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, खेमराज तिवारी, राजकुमार तिवारी, अरुण उपाध्याय, नरेश पाण्डेय, श्रीकांत तिवारी उपस्थित थे।

### आठवीं, दसवीं और बारहवीं पास युवा लेंगे कौशल प्रशिक्षण

**धमतरी।** जिले के आठवीं, दसवीं और बारहवीं पास युवाओं को लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के युवाओं से20 मई तक आवेदन मंगाए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि आठवीं पास युवाओं के लिए सेविंग मशीन ऑपरेटर (सिलाई) और सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह दसवीं पास युवाओं को जल वितरण संचालक (नल जल मित्र) और बारहवीं पास युवाओं को डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर (कम्प्यूटर ऑपरेटर) तथा फील्ड टेक्निशियन एंड कम्प्यूटिंग पेरीफेरल (कम्प्यूटर हार्डवेयर) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक युवा शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

### हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास में किया गृह प्रवेश

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में कलीबाई बारला,रामदास उइके, बत्ती बाई उइके,गीता बाई सोनी,सुलोचना बाई जैन को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ था। आवास स्वीकृत होने के उपरांत हितग्राहियों ने आवास को बनवाया। गृह प्रवेश के अवसर पर सरपंच विनोद रावटे, उपसरपंच जितेंद्र साहू, पंचगण, दयाराम सलाम,कुमारी भंडारी और सचिव मुन्ना यदु के आतिथ्य में हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। हितग्राहियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण हम लोगों को पक्का आवास मिल सका।

### धान मंडी के पास शराब पीते पकड़ा गया युवक

**कांकेर।** गोण्डाहुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान हांकेर धान मंडी के पास रोड किनारे में शराब पी रहा था, जिससे आने जाने वाले लोगो को परेशानी हो रही है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत इलाके की घेराबंदी की गई। मौके पर एक व्यक्ति हाथ भट्टी से बना महुआ देशी शराब सेवन करते पाया गया। आरोपी कापसी निवासी 27 वर्षीरू रोहित सरकार पिता हिरा लाल सरकार ने पुलिस को आता देख शराब और डिस्पोजल का फेंक दिया। आरोपी के खिलाफ धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चौकी दुधावा अंतर्गत मांडाभर्री निवासी 45 वर्षीय केसर नेताम ने अज्ञात कारणों के चलते 19 मार्च को खेत की ओर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मांडाभर्री निवासी 43 वर्षीय सुखराम नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने बबूल झाड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है।

महानदी जलाशय परियोजना के बांधों में पाई जाती हैं 45 प्रजाति की मछलियां

# गंगरेल बांध से चीतल और कुबड़ी मछली हुई विलुप्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

पर्यावरण परिवर्तन का असर मछलियों की प्रजाति पर पड़ रहा है। जिले के रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में पाई जाने वाली 45 प्रकार की प्रजाति की मछलियों में दो का अस्तित्व खत्म हो गया है। गंगरेल बांध में अच्छे बाजार मूल्य वाली चीतल/नोटोपटेरस एवं कुबड़ी/माइसरस आर प्रजाति की मछलियां 2005 से दिखाई नहीं दे रही हैं। मत्स्य विभाग के लिए यह गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।

बताया जाता है कि महानदी जलाशय अंतर्गत गंगरेल, दुधावा, माड़मसिल्ली, सोंढूर बांध के संग्रहित जल में मछलियों की 45 प्रजाति पाई जाती है। जलवायु में बदलाव और आखेट के तरीके से मछलियां खतरे में हैं। इसे मत्स्य विभाग ने गंभीरता से नहीं लिया तो भविष्य में और भी संकट आ सकता है।

मत्स्य विभाग के सूत्र बताते हैं कि 2005 के सर्वेक्षण में चीतल और कुबड़ी प्रजाति की मछलियां खत्म होने का कारण पानी का प्रदूषण, वातावरण में बदलाव, तापमान का प्रभाव तथा जाल चलाने का तरीका है। महानदी में मछली पकड़ने के लिए छोटे जाल का उपयोग नहीं करना चाहिए। इससे मछलियों के अंडे और स्पान खत्म हो जाते हैं। प्रजनन काल में आखेट करने से मछलियों का प्राकृतिक आवास भी प्रभावित होता है।

जिले के मत्स्य निरीक्षक देवेंद्र साहू ने बताया कि जिले में विलुप्त होती मछलियों के संरक्षण के लिए कोई उपाय अभी नहीं किया गया है। उच्चाधिकारियों से इस संबंध में मार्गदर्शन मांगा गया है।


फाइल फोटो

#### प्रदेश में मछलियों की 107 प्रजाति

प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में मछलियों की 107 प्रजाति पाई जाती है। वहीं महानदी जलाशय के बांधों में 45 प्रजाति की मछलियां है जिसमें प्रमुख रूप से कतला, कोतरी, रांगी, सरांगी, जरही, कोतरी, उरई, सिंघार, टेंगना, बाम, बांबी, पढ़ीना आदि शामिल हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार विश्व में 21 हजार 723 प्रजाति की मछलियां पाई जाती हैं। भारत में मछलियों की 2500 प्रजातियां पाई जाती हैं। मीठे पानी में 930 तथा समुद्री जल में 1570 प्रजाति पल रही है।

#### कीचड़ वाली मछलियों पर ज्यादा खतरा

मत्स्य पालन रोजगार का बड़ा साधन है। आयुनिक मत्स्य पालन के चलते हाईब्रीड मछली रोहा, कतला, मृणाल का बीज तालाबों में डाला जाता है। इन मछलियों के बीज स्पान को देशी मछलियां खा जाती हैं। यही वजह है कि कीचड़ वाली मछलियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। प्रशांत मीनपाल, श्रवण मीनपाल ने बताया कि क्षेत्र में मोंगरी मछली पूरी तरह से विलुप्त हो गई है। वहीं मोंगरी, तेलबिया, डूरूम, टेंगना, खोकसी, कोतरी, सिंघी, पढ़ीना, बांबी आदि मछलियां विलुप्त होने की कगार पर हैं।

# कलेक्टर ने जिले के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

- मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत मिलेगी एक लाख की आर्थिक सहायता
- कलेक्टर के निर्देश पर छात्रों को मिलेगी स्कूटी



हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित वर्ष 2025-26 की कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में जिले के दो छात्राओं ने राज्य स्तर पर टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इन दोनों होनहार विद्यार्थियों को कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने सम्मानित किया। मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम बुड़ेनी निवासी कुमार सौरभ जोशी ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में छठवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं नगरी विकासखण्ड के ग्राम बनबगौद निवासी कुमारी डिंपल ने 97.83 प्रतिशत अंक हासिल कर नौवां स्थान प्राप्त किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने दोनों छात्रों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों से उनकी अभिरुचियों और करियर की योजनाओं के बारे में चर्चा की। दोनों विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा व्यक्त की।

श्रम पदाधिकारी श्री साहू ने बताया कि दोनों ही छात्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के परिवार से हैं। इन्हें श्रम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत एक-एक लाख रुपये की शैक्षिक सहायता प्रदान की जायेगी। कलेक्टर ने श्रम पदाधिकारी को स्कूटी क्रय सहायता योजना के अंतर्गत स्कूटी प्रदान करने के निर्देश दिए। भविष्य



में इन विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा हेतु विभाग द्वारा और भी छात्रवृत्ति योजनाएं संचालित की जाएंगी, जिससे वे आगे भी लाभान्वित होते रहेंगे। पालकों ने इस योजना के लिए राज्य शासन कलेक्टर और श्रम विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल उनके बच्चों को शिक्षा में सहायता मिलेगी, बल्कि यह योजना अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

### समर कैंप में बच्चों ने पेपर से झूमर बनाना सीखा

**धमतरी।** ग्राम रत्नाबांधा में ग्रामीण साहू समाज द्वारा समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 47 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने इस आयोजन की खूब सराहना की। प्रशिक्षक भारतलाल साहू ने बच्चों को श्रेष्ठ नागरिक बनने की शिक्षा देते हुए पेपर क्राफ्ट से झूमर बनाना सिखाया। कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष गोपालराम साहू, उपाध्यक्ष सत्यनारायण साहू, कार्यकारिणी सदस्य रामसेवक साहू, रामकृष्ण साहू, रामचंद्र साहू, नुमान ने सहयोग प्रदान किया।

## सर्वोदय स्कूल का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा


गीत सिन्हा | हर्ष सिन्हा | सोहम साहू | सृष्टि गजेन्द्र | उम्मेहनी | वर्षा देवांगन | ओजस्वी ठाकुर

- कक्षा 5वीं में गीत सिन्हा, 8वीं में उम्मेहनी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। पांचवीं में प्रथम गीत सिन्हा 96.50 प्रतिशत, द्वितीय हर्ष सिन्हा 95.50 प्रतिशत, द्वितीय सोहम कुमार साहू 95 प्रतिशत, सृष्टि गजेन्द्र 95 प्रतिशत, तृतीय राहुल कुमार रहे। कक्षा आठवीं में प्रथम उम्मेहनी 97.50 प्रतिशत, द्वितीय वर्षा देवांगन 96.33 प्रतिशत, तृतीय ओजस्वी ठाकुर 95.83 प्रतिशत रहे। इस अवसर पर कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना प्राचार्य श्रीमती तारा सिन्हा, मैनेजिंग डायरेक्टर निशांत सिन्हा, डायरेक्टर टीआर सिन्हा, उप प्राचार्य, सुपरवाईजर एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने की है।

## नक्शा-बटांकन के लिए दोनों पक्षों को मिलेगी सूचना

- कलेक्टर ने अधिकारियों को तेजी से नक्शा बटांकन करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि नक्शा-बटांकन के लिए दोनों पक्षों को मोबाइल के माध्यम से सूचना दी जाये। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों नक्शा-बटांकन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें, इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी प्रकरण समय सीमा से बाहर ना जाये। उन्होंने महतारी वंदन योजनांतर्गत जिन महिलाओं के खातों में पैसे नहीं आ रहे है, उनकी जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि कारणों का पता लगाकर तत्काल दूर कर महिलाओं के खातों में राशि जारी करें।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन की जानकारी ली और लक्ष्य अनुरूप पंजीयन नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए उक्त कार्य को लक्ष्य अनुरूप 5 दिवस में पूरा करने कहा। कलेक्टर ने जिले में सिकलसेल जांच के मामलों की भी जानकारी ली और लक्षित मरीजों की जांच कर कार्रवाई करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के दिनों में आग लगने के प्रकरण अधिक सामने आते है, इस हेतु नगर सेना के अधिकारी तैयार रहें और अग्निशमन वाहनों को भी अपडेट रखें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव के अलावा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले में पेयजल आपूर्ति के संबंध में भी जानकारी ली और पानी की समस्या वाले गांवों में हैंडपंप, बोरवेल मरम्मत तथा आवश्यकता होने पर नये बोरवेल करने कहा।

## फर्जी तरीके से बेच दी थी कोटवारी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

फर्जी तरीके से कोटवारी जमीन को बेचने वाले दो कोटवारों को पद से हटाकर उनकी सेवा समाप्त करने की कार्रवाई लंबित है। अपर कलेक्टर न्यायालय से जमीन के विक्रय विलेख को शून्य घोषित कर जमीन को फिर से कोटवारी जमीन के रूप में दर्ज करवाने का आदेश दिया है।

मामला कुरूद ब्लाक के ग्राम परखंदा का है। सरपंच शत्रुघन बारले ने बताया कि गांव के दो कोटवार को शासन से कोटवारी जमीन प्राप्त हुई थी। एक कोटवार को 0.34 हेक्टेयर और दूसरे को 0.51 हेक्टेयर जमीन मिली थी। कोटवारों ने बिना कलेक्टर की अनुमति के इस जमीन को बेच दिया। यह मामला न्यायालय अपर कलेक्टर धमतरी में चला। जहां पर 5 जनवरी 2025 को अपर कलेक्टर ने फैसल देते विक्रय पत्र को निरस्त कर दिया। प्रक्रियाओं का पालन करते हुए पुनः नियमानुसार इस भूमि को कोटवारी सेवा भूमि में दर्ज किये जाने का आदेश किया है। तहसीलदार कुरूद को सक्षम न्यायालय में विक्रय विलेख को शून्य घोषित कराने के लिये अधिकृत किया गया है। दोनों कोटवारों द्वारा जमीन बेचने के कारण उनकी सेवा समाप्त कर उन्हें कोटवार के पद से हटाये जाने के संबंध में कार्रवाई लम्बित है।

## नाली का रिवर्स गंदा पानी घरों में पहुंच रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

आमापारा वार्ड में नाली की सफाई नहीं होने से नाली का गंदा पानी रिवर्स होकर घरों में घुस रहा है। इससे वार्डवासी परेशान हैं। गंदा पानी की वजह से एक बच्ची की तबीयत खराब हो गई है।

वार्ड के नंदकिशोर नोतवानी ने हरिभूमि कार्यालय आकर विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि इसकी शिकायत निगम आयुक्त को लिखित में की है। गली में करीब 200 फीट लंबी, 1 फीट चौड़ी, 4 फीट गहरी नाली है जिसमें 2 फीट तक मलबा जाम है।

सफाई के अभाव में पानी ओव्हरफ्लो होकर घरों में घुस रहा है। इसकी शिकायत वार्ड पार्षद से की गई है। इसके बाद भी सफाई नहीं हुई है। उन्होंने निगम प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया है।



## बिना किसी कारण के प्रकरण को अस्वीकृत करने पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर



- उद्यानिकी फसल, मछली पालन के लिए अधिक से अधिक ऋण प्रकरण स्वीकृत करें बैंक



हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कृषि और उसके सहयोगी विभागों की जिले में चल रही योजनाओं और कार्यक्रमों की उपलब्धियों की समीक्षा की। उन्होंने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों सहित अन्य निजी और शासकीय बैंकों के अधिकारियों को भी जिले के किसानों के लिए उद्यानिकी फसलों, मछलीपालन तथा पशुपालन से जुड़े ऋण प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में स्वीकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ऐसे प्रकरणों को बिना किसी उचित कारण के अस्वीकृत करने पर संबंधित बैंक अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी। उन्होंने बैठक में बैंक अधिकारियों को प्रकरण प्राप्त होने पर विस्तृत सर्वे और मौका मुआयना करने के लिए संबंधित विभाग के मैदानी अमले को भी सूचित करने को कहा। कलेक्टर ने मछलीपालन, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड भी बनाने के निर्देश दिए।

जिपं सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुई इस बैठक में कलेक्टर ने कहा कि धान या अन्य फसलों की खेती के साथ-साथ किसानों को स्वरोजगार से जोड़कर अधिक लाभ पहुंचाने के लिए मछलीपालन, उद्यानिकी फसलों की खेती या पशुपालन एक अच्छा माध्यम है और इससे किसानों को पूरे साल आमदनी हो सकती है।

बैठक में कलेक्टर ने दुग्ध उत्पादन के बारे में जिले की संभावनाओं पर भी समीक्षा की। उन्होंने जल्द से जल्द दुग्ध उत्पादक-संग्राहक समितियों का गठन करने और उन्हें कार्यशील करने पर जोर दिया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अभी कार्यशील लगभग 70 समितियों से 8 हजार लीटर दूध प्रतिदिन संग्रहित किया जा रहा है। कलेक्टर ने इसमें तेजी लाते हुए अगले 15 दिनों में इसे लगभग 10 हजार लीटर प्रतिदिन तक करने का लक्ष्य विभाग के अधिकारियों को दिया। उन्होंने आगामी खरीफ मौसम के लिए जिले में खाद-बीज भण्डारण और उठाव की जानकारी भी अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने पर्याप्त मात्रा में बीज-खाद का भण्डारण समय-समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### साहू समाज की बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा

**धमतरी।** तहसील साहू समाज शहर धमतरी की बैठक रोहित कुमार साहू की अध्यक्षता में बांसपारा में आयोजित की गई जिसमें तहसील, परिक्षेत्र एवं वार्ड के पदाधिकारी सामाजिक समर कैंप का आयोजन अतिशीघ्र करने, नारी शिक्षा और उसके सम्मान पर बनी फिल्म ज्योतिबा बाई फुले फिल्म को देखने, आगामी जाति जनगणना में सभी सामाजिकजन अपना गोत्र ना लिखवाकर केवल साहू लिखवाने पर चर्चा की गई।

## पीएम आवास के लिए सर्वे की अवधि फिर बढ़ी



- पात्र परिवारों को मिलेगा आवास योजना का लाभ
- सरकार से मिलेगी 1.20 से 1.30 लाख तक की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने सर्वे का काम चल रहा है। सरकार ने सर्व के लिए पहले 31 मार्च तक अवधि निर्धारित की थी, जिसे बढ़ाकर 30 अप्रैल किया। सर्वे का काम अधूरा होने के कारण इसे 15 मई कर दिया गया है। आवेदकों को सर्वे फार्म भरकर अपनी योग्यता का प्रमाण देना होता है। पात्र परिवारों की श्रेणी में पक्का मकान का अभाव, कच्चे घरों में या किराये के मकान में रहना है। इस प्रक्रिया के माध्यम से पात्र गरीब परिवारों की पहचान कर पक्का मकान दिलाने 1.30 तक आर्थिक सहायता दे रही है।

पात्र लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए तीन किस्त में राशि दी जाएगी। पहली किस्त 40 हजार, दूसरी किस्त 70 हजार तथा तीसरी किस्त 10 हजार की होगी। इसके अलावा शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार और मनरेगा से 90 दिन की मजदूरी दी जाती है। वर्तमान में 8951 परिवारों का सर्वे पूरा कर लिया गया है। शेष परिवारों का सर्वे कार्य 15 मई तक पूरा करना है।

### रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग के लिए किया सम्मान

**नगरी।** दानवीर भामाशाह जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग देने के लिए बाबूलाल तातेड़ एवं ओमी जैन का सम्मान युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी द्वारा साहू सदन नगरी में किया गया। मौके पर पुनीतराम साहू संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी, हृदय साहू उपाध्यक्ष जपं नगरी, रविकुमार साहू, भुनेश्वरी साहू मौजूद रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पीजी कालेज में प्रायोगिक परीक्षा आज

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययनरत पीजीडीसीए व्दितीय सेमेस्टर ई-कॉमर्स एण्ड एकाउंटिंग विथ टैली एवं बीसीए व्दितीय सेमेस्टर प्रोग्रामिंग इन सी प्लस प्लस की प्रायोगिक परीक्षा 14 मई को प्रातः 1 बजे से महाविद्यालय के आईटी विभाग में होगी। छात्र-छात्राओं को अपनी प्रायोगिक फाइल व अन्य आवश्यक सामग्री के साथ उपस्थित होने कहा गया है। अनपुस्थिति की दशा में छात्र-छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 20 को

**धमतरी।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति और समीक्षा समिति की बैठक 20 मई को रखी गई है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर एक बजे से आयोजित इस बैठक में आधार सीडिंग एवं डीबीटी, प्रधानमत्री जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बसाहटों में जनधन खाते, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, रोजगार सृजन कार्यक्रम, बड़ौदा आरसेटी द्वारा दी जाने वाली ट्रेनिंग, आदिवासी स्वरोजगार योजना, स्टैंड अप इंडिया आदि की समीक्षा की जाएगी।

### गणित विषय में कम परीक्षार्थी चिंतनीय : घनश्याम

**धमतरी।** व्याख्याता घनश्याम साहू ने बताया कि दिनोंदिन गणित विषय के परीक्षार्थियों का कम होना या ना होना शिक्षा जगत के लिए चिंतनीय है। विषय विशेषज्ञों की कमी नहीं है पर विद्याथियों में गणित का भय बना रहता है। प्रांरभ से उनके मन में गणित विषय की कठिनता बनी रहती है परंतु प्राथमिक, माध्यमिक स्तर से गणित विषय को खेल-खेल में रुचिकर बनाना, अपने परिवेश से त्रिभुज, चतुर्भुज कोण, रेखाचित्र, वृत्ताकार, आयताकार, वर्गाकार को उनके दिमाग में भर दिया जाए तो निश्चित ही बच्चों में तर्कशक्ति का विकास होगा। इसके लिए वैज्ञानिकों का दृष्टिकोण, गोष्ठी, वाद-विवाद, भाषण, प्रमुख गणितज्ञों की जयंती, गणित विषय के महत्व प्रतिपादन से विद्यार्थियों को अवगत कराना होगा। विभाग को इस विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाना चाहिए।

### आज युवा उद्यमी और स्टार्टअप सम्मेलन मगरलोड में

**धमतरी।** जिले के युवाओं को उद्यम से जोड़ने और उनके सपनों को पूरा करने में सहयोग करने के लिए जिला प्रशासन की पहल पर ''उद्यम से विकास तक'' कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय युवा उद्यमी एवं स्टार्टअप सम्मेलन का आयोजन 14 मई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय आईटीआई मगरलोड में किया गया है। इस कार्यक्रम में युवाओं को प्रेरित करने जनजातीय उद्यमियों की सफलता की कहानियां, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में स्टार्टअप के विचारों, स्टार्टअप के लिए पंजीकरण प्रक्रिया एवं संस्थागत सहयोग, सरकारी योजनाओं एवं फडिंग, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, मुद्रा, स्टैंडअप इंडिया, कौशल सहयोग, स्केलिंग अप एवं मार्केट लिंकेज, ई-कामर्स, डिजिटल भुगतान, स्थानीय से वैश्विक, ब्रांडिग की जानकारी दी जायेगी।

महापौर ने निरीक्षण में पाईं खामियां, लगाई फटकार

# शहर के सुलभ शौचालयों का हाल बेहाल, कहीं दरवाजे टूटे तो कहीं पानी की व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**एमआईसी मेंबर नीलेश लुनिया ने कहा- अनुबंध का सख्ती से पालन हो**





आम जनता की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए सरकार ने शहरों में सार्वजनिक सुलभ शौचालयों की व्यवस्था कर रखी है ताकि लोगों को निस्तारी की समस्या से जूझना न पड़े। शहर में बनाए गए सुलभ शौचालयों में फ्रेश होने के साथ साथ, लेट्रिन सीट, स्नानागार, वॉश बेसिंग, पानी आदि की व्यवस्था की गई लेकिन देखरेख के अभाव में सुलभ शौचालयों की स्थिति बेहद गंभीर है। शहर के वार्डों में करीब 55 सार्वजनिक सुलभ शौचालय है, जिसमें 24 का हाल बेहाल है। कुछ शौचालयों का तो डस्समेंटल की स्थिति आ गई है। निरीक्षण में पता चला है कि सुलभ शौचालयों के दरवाजे, खिड़कियां, लेट्रिन सीट, वॉश बेसिन, नल कनेक्शन आदि टूटे हुए हैं। सफाई का तो बुरा हाल है। पानी का रिसाव व दुर्गंध से आम जनता हलाकान हैं।

शिकायत मिलने पर महापौर रामू रोहरा ने मंगलवार को बांसपारा स्थित सुलभ शौचालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उनके साथ पार्षद भी थे। निरीक्षण में सफाई, जल आपूर्ति, रखरखाव से जुड़ी सुविधाओं में खामी नजर आई। मौके पर उपस्थित ठेकेदार और निगम के संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र करने कहा।

इससे पूर्व एमआईसी मेंबर एवं सभापति नीलेश लुनिया ने शहर के सभी सुलभ शौचालयों का बारी-बारी से निरीक्षण किया था, जिसमें पाया कि शहर के 25 सुलभ शौचालयों की स्थिति खराब है। शौचालयों के दरवाजे, नल टूटे हुए हैं। सफाई का अभाव है। गंदगी से आम जनता परेशान हैं। श्री लुनिया आसपास के लोगों से चर्चा कर स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संचालन से जुड़ी एर्जेसियां अनुबंध का सख्ती से पालन करें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई होगी। श्री लुनिया ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि महापौर ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। सुबह पूरे शहर का दौरा कर सफाई व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं। श्री लुनिया ने शौचालयों की दुर्दशा देखकर अधिकारियों को भी फटकार लगाई। श्री लुनिया प्रतिदिन निरीक्षण कर रहे हैं। खामियां निकलने पर तत्काल रिपोर्ट बनाई जा रही है।

# गोली चलने से मचा हड़कंप, बाप बेटी घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मुख्य मार्ग पुराने नेशनल हाईवे के किनारे आभूषण दुकान में गोली चलने से हड़कंप मच गया। इस घटना में ज्वेलरी दुकान के संचालक और उनकी बेटी घायल हो गए। तत्काल दोनों को इलाज के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही धमतरी के व्यापारी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार वेयरहाउस के सामने बरड़िया आभूषण में रात 8 से 8:30 बजे के लगभग दो नकाबपोश बंद शटर को उठाकर अंदर घुसे और गोली चलाना शुरु कर दिया। गोली नैना बरडिया के पैर में लगी। पिस्टल के बट से आभूषण दुकान के संचालक भंवरलाल बरड़िया उम्र लगभग 58 वर्ष के सिर में मारा गया। सूचना मिलते ही तुरंत परिवारजनों ने बाप बेटी दोनों को मसीह अस्पताल लाकर भर्ती कराए। जहां दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है। यह खबर आग की तरह पूरे शहर में फैल गई।


### किया गया घटनास्थल का मुआयना

व्यापारी, सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी, जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल और ज्वेलरी दुकान में पहुंच गए। यहां पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा भी पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। समाचार लिखे जाने तक स्थिति यह स्पष्ट नहीं हो पाई कि आखिर वह नकाबपोश लूट के नियत से पहुंचे थे या उनका इरादा कुछ और था। बहरहाल पुलिस से जांच में जुट गई है।

# छत की सीढ़ी से गिर कर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ मोबाइल लाने छत पर जा रहा था



मोबाइल लाने छत पर जा रहा युवक पैर फिसल जाने से सीढ़ी से नीचे गिरकर घायल हो गया। घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम देवपुर निवासी राजेश चतुर्वेदी पिता रामलाल उम्र 35 वर्ष मजदूरी का काम करता था। राजेश एक माह पहले अपनी पत्नी प्रभा चतुर्वेदी के साथ ईंट बनाने के लिये ग्राम पाईकभाठा गया था। वहां युवक अपने मामा रमेश कुर्रे के घर पर रह रहा था। बीते शनिवार की रात्रि पति-पत्नी भोजन कर नीचे के कमरे में सो रहे थे। रात्रि 12 बजे युवक ने पत्नी को जगाकर पानी मंगाया। प्रभा पानी लाने चली गई। इसी बीच युवक ऊपर की मंजिल पर रखे मोबाइल को लाने के लिये छत पर जा रहा था। इस दौरान सीढ़ी पर पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर युवक घायल हो गया। पत्नी पानी लेकर लौटी तो युवक ने आवाज देकर मदद के लिये बुलाया। उसे उठाकर कमरे में सुला दिया। रविवार को घायल युवक को उपचार के लिये नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से रिफर करने पर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह घायल की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# हाईस्पीड बाइक डिवाइडर से टकराई, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





नेशनल हाइवे से गुजर रही तेज रफ्तार बाइक डिवाडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम बालोदगहन निवासी देवानंद नेताम उम्र 38 वर्ष व सामेल मसीह उम्र 45 वर्ष मंगलवार की दोपहर बाइक से नेशनल हाइवे से होते हुए धमतरी आ रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक बाम्बे गैरेज के पास डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में बाइक में सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस विभाग के चंदू सोनी की सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान एम्बुलेंस के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और सड़क पर पड़े घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया। घायलों को संजीवनी 108 की मदद से इलाज के लिए रायपुर अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायल युवकों को नशे में होना बताया जा रहा है।

# थाने में ही भाई को पीटने वाला गिरफ्तार

■ आरोपी के खिलाफ की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय भूमि में कब्जा को लेकर चल रहे विवाद के चलते शिकायत करने पहुंचे एक भाई से दूसरे भाई ने थाने में ही मारपीट करना शुरु कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम परसतराई निवासी नीलकमल साहू पिता राजू उम्र 27 वर्ष का शासकीय जमीन पर कब्जा को लेकर अपने भाई व्यासनारायण साहू के साथ अक्सर विवाद व मारपीट होती रहती थी। पहले भी शिकायत हो चुकी थी। इस मामले में कार्रवाई को लेकर मंगलवार को दोनों भाई अर्जुनी थाना पहुंचे थे। यहां जमीन संबंधित बात को लेकर नीलकमल साहू ने तेज आवाज में चिल्ला चिल्लाकर अपने भाई व्यासनारायण साहू से मारपीट शुरु कर दी। यह देख पुलिस ने मना किया लेकिन नीलकमल रुकने की बजाय अपने भाई को पीटने पर उतारू रहा। अर्जुनी थाना ने परिशांति कायम करने धारा 170/126, 135/3 बीएन के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी नीलकमल साहू के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि शासकीय भूमि पर कब्जा को लेकर नीलकमल साहू अपने भाई व्यासनारायण साहू के साथ आए दिन वाद विवाद व मारपीट करता था। दोनों भाई नीलकमल व व्यासनारायण साहू के खिलाफ वर्ष 2018 में अर्जुनी थाना में धारा 151, 107, 116/3 जा फौ के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई थी। वहीं वर्ष 2023 में धारा 294, 323, 506, 34 भादवि एवं वर्ष 2023 में ही 294, 506, 323, 34 भादवि के तहत नीलकमल साहू व व्यासनारायण साहू के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है।

# जहर सेवन से अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ नगरी की घटना

अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार नगरी के चुरियारापारा निवासी सुकालूराम मरकाम पिता खोरबाहरा उम्र 50 वर्ष खेती-किसानी का काम करता था। बीते शनिवार को परिवार के लोग गांव के घनश्याम नेताम के घर शादी कार्यक्रम में गये थे। अधेड़ घर पर अकेला था। इसी दौरान अधेड़ ने घर पर रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। रात्रि में परिजन शादी कार्यक्रम से घर लौटे तो अधेड़ जमीन में पड़ा हुआ था। उसके मुंह से झाग निकल रहा था जिसमें से जहरीली दुर्गंध आ रही थी। अधेड़ को बेहोशी की हालत में उपचार के लिये नगरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अधेड़ को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। अधेड़ को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरे दिन परिजनों ने अधेड़ को रिफर कराकर शिवनंदा अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सोमवार की शाम अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। बताया गया है कि मृतक शराब सेवन करने का आदी था। अधेड़ द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।










# सेजेस कंडेल का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल का बोर्ड एग्जामिनेशन उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम में परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

प्रथम प्रमेंद्र सिन्हा 80.5 प्रतिशत, द्वितीय खिलेश्वरी साहू 79.5 प्रतिशत और तृतीय चुनेश्वर साहू 72 प्रतिशत रहे। हिंदी माध्यम में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा। प्रथम पुष्पलता 90.7 प्रतिशत, द्वितीय खनक 89.33 प्रतिशत, तृतीय आरिफ 86.3 प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। प्रथम वाणिज्य संकाय से नैना साहू 86.4 प्रतिशत, द्वितीय जीवविज्ञान संकाय से तीसा साहू 86 प्रतिशत तथा तृतीय वाणिज्य संकाय से हेमशिखा साहू 85.4 प्रतिशत रही। छात्रों की कामयाबी पर प्राचार्य राहुल नेताम, रविकांत साहू अध्यक्ष एसएमडीसी, गिरधर सार्वा सरपंच कंडेल, नारायण साहू सदस्य एसएमडीसी, योगेश्वर साहू ने खुशी जाहिर की है।

